रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 21/06/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** 1991 के सुधार काल के बाद कृषि क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. अप्रैल 2001 से भारत में कृषि उत्पादों के आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध पूर्ण रूप से हटा दिए गए थे।
2. 1991 के बाद भारत में कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क में भारी वृद्धि हुई थी।
3. 1991 के बाद निर्यातोन्मुखी नीति के कारण, देशीय बाजार के लिए उत्पादन से निर्यात बाजार के लिए उत्पादन की ओर बदलाव हुआ, जिसमें खाद्यान्नों की तुलना में नकदी फसलों पर अधिक ध्यान दिया गया।

**Ans**
✔ 1. केवल 1 और 3
✘ 2. केवल 1 और 2
✘ 3. केवल 1
✘ 4. केवल 2 और 3

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा, 6 : 4 का तुल्य अनुपात है?

**Ans**
✔ 1. 60 : 40
✘ 2. 66 : 56
✘ 3. 61 : 41
✘ 4. 62 : 46

**Q.3** यदि $x + \frac{1}{x} = \sqrt{5}$ है तथा $x > 0$ है, तो $x^4 + \frac{1}{x^4}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✘ 1. 10
✔ 2. 7
✘ 3. 9
✘ 4. 3

**Q.4** ISSF विश्व कप 2025 में 10 m एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के स्वर्ण पदक मैच में रुद्रांक्ष पाटिल और आर्य बोरसे को किसने हराया?

**Ans**
✘ 1. यूएसए की टीम
✔ 2. नॉर्वे की टीम
✘ 3. जर्मनी की टीम
✘ 4. चीन की टीम

**Q.5** मोहनजोदड़ो स्थल का संबंध किस नदी से है?

**Ans**
✘ 1. गंगा
✔ 2. सिंधु
✘ 3. यमुना
4. सरस्वती

| Q.6 | निम्नलिखित में से कौन-सा भौतिक कारक राजस्थान जैसे शुष्क क्षेत्रों में ग्रामीण बस्तियों की सघनता को प्रभावित करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. ऊंचाई |
| | ✓ 2. पानी की उपलब्धता |
| | ✗ 3. मृदा की उर्वरता |
| | ✗ 4. भूजल लवणता |

| Q.7 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br>FRO RDA DPM PBY ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. BHY |
| | ✓ 2. BNK |
| | ✗ 3. HBU |
| | ✗ 4. BKN |

| Q.8 | 82 × 111 का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 9112 |
| | ✗ 2. 9202 |
| | ✓ 3. 9102 |
| | ✗ 4. 9092 |

| Q.9 | एक व्यक्ति व्यू-पॉइंट तक पैदल जाता है और अपनी कार से प्रारंभिक बिंदु पर लौटता है और इस प्रकार उसे कुल 8 घंटे 15 मिनट का समय लगता है। यदि वह दोनों तरफ कार से जाता है, तो उसे 5 घंटे कम समय लगता है। दोनों तरफ पैदल चलने में उसे कितना समय लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 14 घंटे 30 मिनट |
| | ✗ 2. 12 घंटे 15 मिनट |
| | ✗ 3. 13 घंटे 45 मिनट |
| | ✓ 4. 13 घंटे 15 मिनट |

| Q.10 | दो नल, X और Y, एक टैंक को क्रमशः 12 घंटे और 24 घंटे में भर सकते हैं। यदि दोनों नल खुले हैं, तो रिसाव के कारण टैंक को भरने में 30 मिनट अधिक लगते हैं। यदि टैंक भरा हुआ है, तो रिसाव के कारण टैंक को खाली होने में कितना समय लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 136 घंटे |
| | ✗ 2. 75 घंटे |
| | ✗ 3. 36 घंटे |
| | ✗ 4. 100 घंटे |

| Q.11 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।<br><br>(बाएं) 7 & 9 ^ # 1 * 5 ≺ 2 6 ≡ 4 ∆ 3 $ @ 8 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है, लेकिन ठीक बाद एक सम संख्या नहीं है?<br>(नोट: इस प्रश्न का उत्तर देते समय तीन घटकों के संयोजन पर विचार किया जाना चाहिए।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. तीन |
| | ✗ 2. दो |
| | ✓ 3. तीन से अधिक |
| | ✗ 4. एक |

| Q.12 | आनंद ने एक वस्तु खरीदी और उसकी मरम्मत पर ₹127 खर्च किए। इसके बाद, उसने इसे भरत को 52% लाभ पर बेच दिया। अंततः, भरत ने वस्तु को ₹4,788 में बेच दिया, जिससे उसे 44% का घाटा हुआ। आनंद के लिए वस्तु की मूल लागत (₹ में) कितनी थी? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 5,628 |
| | ✗ 2. 5,523 |
| | ✗ 3. 5,625 |
| | ✓ 4. 5,498 |

| Q.13 | एक बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल उसके सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का आधा है। यदि इसकी ऊँचाई 53 cm है, तो इसकी त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 53 |
| | ✗ 2. 59 |
| | ✗ 3. 47 |
| | ✗ 4. 49 |

| Q.14 | यदि किसी संख्या का 20% किसी अन्य संख्या के $\frac{3}{4}$ वें भाग के बराबर है, तो पहली संख्या संख्या और दूसरी संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. $20 : 1$ |
| | ✓ 2. $15 : 4$ |
| | ✗ 3. $10 : 7$ |
| | ✗ 4. $13 : 5$ |

| Q.15 | भारत की जनगणना के अनुसार, 2001-2011 के दौरान भारत की जनसंख्या में अनुमानित दशकीय वृद्धि दर कितनी थी? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 25.6% |
| | ✓ 2. 17.6% |
| | ✗ 3. 14.9% |
| | ✗ 4. 21.3% |

| Q.16 | प्रतिश्याय (common cold) को कदाचित ही निचले श्वसन पथ का संक्रमण क्यों माना जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. इसके लिए निचले पथ संचरण हेतु एक सदिश की आवश्यकता होती है। |
| | ✓ 2. राइनोवायरस केवल ऊपरी श्वसन पथ को संक्रमित करता है। |
| | ✗ 3. एंटीबॉडी इसे फेफड़ों में प्रवेश करने से रोकते हैं। |
| | ✗ 4. विषाणु वायु कूपिका में नष्ट हो जाता है। |

| Q.17 | यदि A का वेतन B से 17% अधिक है, तो B का वेतन A से कितने प्रतिशत (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) कम है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 11.57% |
| | ✗ 2. 17.11% |
| | ✓ 3. 14.53% |
| | ✗ 4. 16.39% |

| Q.18 | P, A, R, T, L और Y एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। R के नीचे कोई नहीं रहता है। T के ऊपर केवल A रहता है। R और P के बीच में केवल दो व्यक्ति रहते हैं। Y सम संख्या वाले किसी तल पर रहता है। R सबसे निचले वाले तल पर रहता है। L और A के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. एक भी नहीं |
| | ✗ 2. एक |
| | ✗ 3. तीन |
| | ✓ 4. दो |

| Q.19 | 72 एक निश्चित तर्क के अनुसार 9 से संबंधित है। 24 उसी तर्क के अनुसार 3 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 64, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना,संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 8 |
| | ✗ 2. 6 |
| | ✗ 3. 9 |
| | ✗ 4. 7 |

| Q.20 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'GATE' को '3647' और 'WING' को '1265' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'G' के लिए कूट क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 6 |
| | ✗ 2. 5 |
| | ✗ 3. 3 |
| | ✗ 4. 7 |

**Q.21** इस प्रश्न में, संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है तथा उसके बाद नीचे शर्तें दी गई हैं। कूटों का सही संयोजन (केवल लागू होने वाली शर्त/शर्तों का पालन करते हुए) आपका उत्तर है।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का प्रत्यक्ष रूप से पालन किया जाना चाहिए, जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| Number/symbol | 4 | # | $ | 7 | 9 | 2 | 6 | @ | 3 | & | 5 | + | % | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Code | B | W | Q | C | A | T | J | N | P | D | G | E | Y | S |

संदर्भ:
Number/symbol - संख्या/प्रतीक
Code - कूट

शर्तें:
(i) यदि पहला अवयव एक संख्या है और अंतिम अवयव एक प्रतीक है, तो पहले और अंतिम अवयव के कूट आपस में बदल दिए जाने हैं।
(ii) यदि पहला अवयव 2 से विभाज्य है और अंतिम अवयव 3 से विभाज्य है, तो पहले और अंतिम अवयवों को * कूटबद्ध किया जाना है।
(iii) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो उनके कूट (अर्थात पहले और अंतिम अवयव) को 3 के कूट में बदला जाना है।

निम्नलिखित के लिए कूट क्या है?

@&238

| Ans | ✓ 1. PDTPP |
|---|---|
| | ✗ 2. NDTPS |
| | ✗ 3. NDTPP |
| | ✗ 4. PDTPS |

| Q.22 | भारत का देशांतरीय विस्तार कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 70°00′E से 95°30′E |
| | ✓ 2. 68°7′E से 97°25′E |
| | ✗ 3. 66°30′E से 98°00′E |
| | ✗ 4. 69°10′E से 96°15′E |

| Q.23 | बेंजामिन नाथन्स द्वारा लिखित 'टू द सक्सेस ऑफ अवर होपलेस कॉज (To the Success of Our Hopeless Cause)' किस विषय पर आधारित है, जिसके लिए इसे जनरल नॉनफिक्शन हेतु पुलित्जर पुरस्कार प्राप्त हुआ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. राइज ऑफ एआई (Rise of AI) |
| | ✗ 2. एनवायरनमेंटल कॉलैप्स (Environmental collapse) |
| | ✓ 3. सोविएट डिसिडेंट मूवमेंट (Soviet dissident movement) |
| | ✗ 4. अमेरिकन हेल्थकेयर क्राइसिस (American healthcare crisis) |

| Q.24 | 11 अप्रैल 2025 को ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। भारतीय समाज में उनके निम्नलिखित में से किस प्रमुख योगदान के लिए उन्हें स्मरण किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 1857 के विद्रोह का नेतृत्व करने के लिए |
| | ✓ 2. भारत में बालिकाओं हेतु पहले विद्यालय की स्थापना के लिए |
| | ✗ 3. भारत के पहले सहकारी बैंक की शुरूआत करने के लिए |
| | ✗ 4. भारत का संविधान लिखने के लिए |

| Q.25 | 10 भुजाओं वाला एक बहुभुज है। बहुभुज के शीर्षों का उपयोग करके कितने त्रिभुज खींचे जा सकते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 115 |
| | ✗ 2. 150 |
| | ✓ 3. 120 |
| | ✗ 4. 125 |

| Q.26 | निम्नलिखित में से वह सबसे बड़ी संख्या कौन सी है जो 59 और 133 को विभाजित करने पर क्रमशः 5 और 7 शेष बचाती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 20 |
| | ✗ 2. 22 |
| | ✗ 3. 19 |
| | ✓ 4. 18 |

| Q.27 | निम्नलिखित में से किस फिल्म ने 2025 के ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ पिक्चर अवार्ड जीता? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. विकेड (Wicked) |
| | ✓ 2. अनोरा (Anora) |
| | ✗ 3. द ब्रूटलिस्ट (The Brutalist) |
| | ✗ 4. कॉन्क्लेव (Conclave) |

| Q.28 | निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के समान हो?<br># : PKN :: TOR : % |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. # = KPJ, % = YOJ |
| | ✓ 2. # = KFI, % = YTW |
| | ✗ 3. # = LJY, % = YVX |
| | ✗ 4. # = KFL, % = YPG |

| Q.29 | किस उदारवादी नेता को अक्सर 'भारत का ग्रैंड ओल्ड मैन' कहा जाता है, वह ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने जाने वाले प्रथम भारतीय बने और शुरुआती राष्ट्रवादी आंदोलन को आकार देने में सहायता की थी? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. फ़िरोज़शाह मेहता |
| | ✗ 2. रास बिहारी घोष |
| | ✓ 3. दादाभाई नौरोजी |
| | ✗ 4. गोपाल कृष्ण गोखले |

| Q.30 | कौन-सा बल भौतिक संपर्क के बिना कार्य करता है और यांत्रिकी में खगोलीय पिंड की गति को नियंत्रित करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. तनन |
| | ✗ 2. घर्षण |
| | ✗ 3. कमानी बल |
| | ✓ 4. गुरुत्वीय बल |

| Q.31 | 24-25 फरवरी 2025 को कार्बन बाजारों से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन - प्रकृति 2025 कहाँ आयोजित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. कोलकाता |
| | ✗ 2. मुम्बई |
| | ✓ 3. नई दिल्ली |
| | ✗ 4. चेन्नई |

| Q.32 | भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में राज्य के लिए महाधिवक्ता की नियुक्ति के संबंध में चर्चा की गई है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. अनुच्छेद 164 |
| | ✓ 2. अनुच्छेद 165 |
| | ✗ 3. अनुच्छेद 163 |
| | ✗ 4. अनुच्छेद 162 |

| Q.33 | भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक के उप-गवर्नरों की अधिकतम संख्या कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. चार उप-गवर्नर |
| | ✗ 2. दो उप-गवर्नर |
| | ✗ 3. पांच उप-गवर्नर |
| | ✗ 4. तीन उप-गवर्नर |

| Q.34 | प्रेक्षणों 20, 20, 20, 35, 29, 34, 25, 33, 35, 32, 33, 27, 22, 31 और 31 का बहुलक ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 34 |
| | ✓ 2. 20 |
| | ✗ 3. 35 |
| | ✗ 4. 29 |

| Q.35 | दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br>135 123 109 93 75 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 65 |
| | ✗ 2. 45 |
| | ✓ 3. 55 |
| | ✗ 4. 75 |

| Q.36 | वार्षिक साधारण ब्याज की किस दर (प्रतिशत में) से कोई धनराशि 10 वर्षों में स्वयं की तीन गुनी हो जाएगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 19% |
| | ✓ 2. 20% |
| | ✗ 3. 29% |
| | ✗ 4. 30% |

| Q.37 | त्रिघात समीकरण $x^3 - 3x^2 + 4x - 12 = 0$ दिया गया है। एक समय में लिए गए दो मूलों के गुणनफल का योग ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. −3 |
| | ✗ 2. 12 |
| | ✓ 3. 4 |
| | ✗ 4. 3 |

| Q.38 | निम्न में से कौन-सा, मार्च 2025 में जेपी मॉर्गन के किनेक्सिस डिजिटल पेमेंट्स प्लेटफॉर्म (Kinexys Digital Payments platform) का उपयोग करके लगभग वास्तविक समय, 24/7 प्रोग्रामन योग्य USD समाशोधन क्षमताओं को शुरू करने वाला पहला भारतीय बैंक बन गया है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. बंधन बैंक |
| | ✗ 2. इंडियन बैंक |
| | ✓ 3. एक्सिस बैंक |
| | ✗ 4. भारतीय स्टेट बैंक |

| Q.39 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?<br><br>NR25 MQ36 LP47 KO58 ? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. JN69 |
| | ✗ 2. JM69 |
| | ✗ 3. JM68 |
| | ✗ 4. JN68 |

| Q.40 | एक व्यापारी ने ₹2,107 में एक वॉटर हीटर खरीदा। इसके अंकित मूल्य पर 79% की छूट देने के बाद भी उसे 89% का लाभ प्राप्त होता है। वॉटर हीटर का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. ₹18,948 |
| | ✗ 2. ₹19,065 |
| | ✓ 3. ₹18,963 |
| | ✗ 4. ₹18,987 |

| Q.41 | यदि संख्या 76341528 में प्रत्येक सम अंक और प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सभी विषम अंकों का योग कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 26 |
| | ✗ 2. 22 |
| | ✗ 3. 28 |
| | ✓ 4. 24 |

| Q.42 | एक निश्चित कूट भाषा में, 'please go down' को 'ta wk vb' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'down the drain' को 'cm dg wk' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'down' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. dg |
| | ✗ 2. vb |
| | ✗ 3. cm |
| | 4. wk |

| | |
|---|---|
| Q.43 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, लोकपाल के लिए चयन समिति की संरचना का सही वर्णन करता है? |
| Ans | ✔ 1. प्रधानमंत्री, लोकसभा स्पीकर, विपक्ष का नेता, भारत के मुख्य न्यायाधीश और राष्ट्रपति द्वारा नामित प्रतिष्ठित विधिवेत्ता |
| | ✗ 2. प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश, विपक्ष का नेता, उपराष्ट्रपति और कैबिनेट मंत्री |
| | ✗ 3. राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य निर्वाचन आयुक्त, लोकसभा अध्यक्ष और विधिवेत्ता |
| | ✗ 4. प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश, महान्यायवादी और विपक्ष का नेता |

| | |
|---|---|
| Q.44 | गर्मियों के दौरान, थार मरूस्थल निम्नलिखित में से किसके कारण कम दाब वाला क्षेत्र बन जाता है? |
| Ans | ✗ 1. पश्चिमी विक्षोभ |
| | ✗ 2. वाताग्र चक्रवात |
| | ✔ 3. तीव्र सौर तापन |
| | ✗ 4. तटीय आर्द्रता |

| | |
|---|---|
| Q.45 | 9 cm, 12 cm और 15 cm भुजाओं वाले एक समकोण त्रिभुज को 9 cm वाली भुजा के चारों ओर घुमाकर एक शंकु बनाया जाता है। इस प्रकार बने शंकु का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 320π |
| | ✔ 2. 432π |
| | ✗ 3. 324π |
| | ✗ 4. 421π |

| | |
|---|---|
| Q.46 | एक आदमी को हर महीने ₹6,150 वेतन मिलता है। वह हर महीने अपने वेतन का 46% बचाता है। उसका प्रति माह व्यय कितना है? |
| Ans | ✔ 1. ₹3,321 |
| | ✗ 2. ₹3,260 |
| | ✗ 3. ₹3,371 |
| | ✗ 4. ₹3,295 |

| | |
|---|---|
| Q.47 | निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, अगले अक्षर-समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।<br><br>ARCE - CARE - ECRA<br>POLE - LPOE - ELOP |
| Ans | ✗ 1. SAFE - SFAE - EFAS |
| | ✗ 2. ZEAP - AZEP - EAPZ |
| | ✗ 3. BING - IBNG - GINB |
| | ✔ 4. WORM - RWOM - MROW |

| | |
|---|---|
| Q.48 | A, B, L, M, S, T और Z एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। L के बाएं से गिनने पर B और L के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S, Z के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। M, T के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। S, M के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। A, M का निकटतम पड़ोसी नहीं है। A के दाएं से गिनने पर A और L के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✗ 1. 4 |
| | ✗ 2. 2 |
| | ✔ 3. 3 |
| | ✗ 4. 1 |

| | |
|---|---|
| Q.49 | यदि ₹6,60,000 की धनराशि को अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 2% वार्षिक दर से एक वर्ष के लिए निवेश किया जाता है, तो प्राप्त होने वाला चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✔ 1. ₹13,266 |
| | ✗ 2. ₹11,987 |
| | ✗ 3. ₹12,931 |
| | 4. ₹12,824 |

| Q.50 | पॉल एर्लिच (Paul Ehrlich) को 1908 में किस खोज के लिए चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार दिया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. संक्रमण के उपचार के लिए पेनिसिलिन |
| | ✗ 2. सल्फा दवाओं का जीवाणुरोधी प्रभाव |
| | ✗ 3. वस्त्रों में एज़ोडीज़ का उपयोग |
| | ✓ 4. प्रतिरक्षा विज्ञान के लिए सैद्धांतिक आधार |

| Q.51 | निम्नलिखित में से किस पर्वत शृंखला में 'फूलों की घाटी (Valley of Flowers)' राष्ट्रीय उद्यान स्थित है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. काराकोरम |
| | ✓ 2. पश्चिम हिमालय |
| | ✗ 3. पीर पंजाल |
| | ✗ 4. धौलाधार |

| Q.52 | 'मांड' किस राज्य का लोकप्रिय लोक संगीत है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. उत्तर प्रदेश |
| | ✗ 2. महाराष्ट्र |
| | ✓ 3. राजस्थान |
| | ✗ 4. झारखंड |

| Q.53 | एक समद्विबाहु त्रिभुज में, शीर्ष कोण का माप 44° है। प्रत्येक आधार कोण का माप कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 68° और 68° |
| | ✗ 2. 58° और 58° |
| | ✗ 3. 65° और 65° |
| | ✗ 4. 64° और 64° |

| Q.54 | एक पाइप एक टैंक को 12 घंटे में भर सकता है। एक अन्य पाइप भरे हुए टैंक को 21 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टैंक को आधा भरने में लगने वाला समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 15 |
| | ✓ 2. 14 |
| | ✗ 3. 29 |
| | ✗ 4. 28 |

| Q.55 | ओपन सोर्स डेस्कटॉप ऑपरेटिंग सिस्टम का उदाहरण निम्नलिखित में से कौन-सा है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. एंड्रॉइड (Android) |
| | ✗ 2. विंडोज 11 (Windows 11) |
| | ✗ 3. मैक ओएस (macOS) |
| | ✓ 4. लिनक्स उबंटू (Linux Ubuntu) |

| Q.56 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. EL – GO |
| | ✗ 2. NU – PX |
| | ✗ 3. AH – CK |
| | ✓ 4. KR – NU |

| | |
|---|---|
| Q.57 | भारतीय कपड़ा उद्योग विभेदात्मक व्यापार प्रथाओं (Discriminatory trade practices) के अधीन था। निम्नलिखित में से किस नीति ने ब्रिटिश शासन के तहत भारतीय कपड़ा उद्योग को नुकसान पहुंचाया? |
| Ans | ✗ 1. आयात और निर्यात पर समान टैरिफ |
| | ✗ 2. भारत के भीतर मुक्त व्यापार |
| | ✗ 3. निर्यात सब्सिडी |
| | ✓ 4. ब्रिटेन को भारतीय निर्यात पर भारी शुल्क लगाना |

| | |
|---|---|
| Q.58 | दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>1212 1220 1230 1242 1256 ? |
| Ans | ✓ 1. 1272 |
| | ✗ 2. 1268 |
| | ✗ 3. 1274 |
| | ✗ 4. 1270 |

| | |
|---|---|
| Q.59 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।<br><br>(बाएं) 6 @ $ 1 8 # 9 % < 2 4 ≽ 3 ^ 5 & 7 (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक अन्य संख्या है? |
| Ans | ✗ 1. तीन |
| | ✗ 2. दो |
| | ✓ 3. तीन से अधिक |
| | ✗ 4. एक |

| | |
|---|---|
| Q.60 | किस प्रावधान के तहत राज्यपाल न्यायिक सेवा नियमों को कुछ मजिस्ट्रेटों तक विस्तारित कर सकते हैं? |
| Ans | ✗ 1. अनुच्छेद 234 |
| | ✗ 2. अनुच्छेद 233 |
| | ✗ 3. अनुच्छेद 142 |
| | ✓ 4. अनुच्छेद 237 |

| | |
|---|---|
| Q.61 | एक आदमी ने एक वस्तु को 39% लाभ पर बेचा। यदि उसने इसे ₹558 अधिक में बेचा होता, तो उसे 64% लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना है? |
| Ans | ✗ 1. 2,230 |
| | ✓ 2. 2,232 |
| | ✗ 3. 2,233 |
| | ✗ 4. 2,231 |

| | |
|---|---|
| Q.62 | 2024 में, भारत ने अपना पहला और सबसे बड़ा बहुराष्ट्रीय हवाई युद्ध अभ्यास आयोजित किया, जो उसकी रक्षा कूटनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस अभ्यास का नाम क्या था? |
| Ans | ✗ 1. वायु शक्ति अभ्यास |
| | ✓ 2. तरंग शक्ति अभ्यास |
| | ✗ 3. युद्ध अभ्यास |
| | ✗ 4. शक्ति अभ्यास |

| Q.63 | निम्नलिखित में से किस अधिनियम ने क्राउन को ईस्ट इंडिया कंपनी से शासन अपने अधीन करने की शक्ति दी? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. चार्टर अधिनियम, 1813 |
| | ✗ 2. इल्बर्ट बिल, 1883 |
| | ✗ 3. भारतीय परिषद अधिनियम, 1861 |
| | ✓ 4. भारत सरकार अधिनियम, 1858 |

| Q.64 | एक घंटे में, एक नाव धारा की दिशा में 47 km/hr और धारा की विपरीत दिशा में 19 km/hr की चाल से चलती है। धारा की चाल कितनी होगी? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 19 km/hr |
| | ✗ 2. 11 km/hr |
| | ✗ 3. 20 km/hr |
| | ✓ 4. 14 km/hr |

| Q.65 | यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '−' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>81 S 28 R 39 S (98 Q 7) = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 72 |
| | ✗ 2. 96 |
| | ✗ 3. 68 |
| | ✓ 4. 84 |

| Q.66 | सात व्यक्ति, A, B, L, M, N, S और T उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। T और A के बीच केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। N, A के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। N और L के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। M, S के बाएँ किसी एक स्थान पर, लेकिन B के दाएँ किसी एक स्थान पर बैठा है। पंक्ति के बाएँ छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. M |
| | ✗ 2. B |
| | ✗ 3. T |
| | ✗ 4. A |

| Q.67 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, KORJ का संबंध एक निश्चित तरीके से DHKC से है। उसी प्रकार, IMPH का संबंध BFIA से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, NRUM का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. KGNF |
| | ✗ 2. KGFN |
| | ✓ 3. GKNF |
| | ✗ 4. GKFN |

| Q.68 | मिस्टर X, बिंदु L से ड्राइव करना प्रारंभ करते हैं और पूर्व की ओर 5 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 6 km ड्राइव करते हैं फिर से दाएं मुड़ते हैं और 9 km ड्राइव करते हैं। फिर से वह दाएं मुड़ते हैं और 2 km ड्राइव करते हैं फिर बाएं मुड़ते हैं और 4 km ड्राइव करते हैं। वह अंतिम बार दाएं मुड़ते हैं और 4 km ड्राइव करके बिंदु O पर रुक जाते हैं। बिंदु L पर पुनः पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनत्तम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 2 km, दक्षिण की ओर |
| | ✗ 2. 2 km, उत्तर की ओर |
| | ✗ 3. 7 km, पश्चिम की ओर |
| | ✓ 4. 8 km, पूर्व की ओर |

| Q.69 | श्री PQR बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते है और उत्तर की ओर 9 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं, 11 km ड्राइव करते हैं, दाएं मुड़ते हैं और 17 km ड्राइव करते हैं। फिर वह दाएं मुड़ते हैं और 12 km ड्राइव करते हैं। वह अंतिम बार दाएं मुड़ते हैं, 8 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A तक पुन: पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाये सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं ) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 5 km पश्चिम में |
| | ✗ 2. 7 km पूर्व में |
| | ✗ 3. 3 km पश्चिम में |
| | ✓ 4. 1 km पूर्व में |

| Q.70 | कंप्यूटर में फ़ाइलें और फ़ोल्डर्स सामान्यतः कहाँ स्टोर किए जाते है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. कीबोर्ड (Keyboard) |
| | ✗ 2. प्रिंटर (Printer) |
| | ✓ 3. हार्ड ड्राइव (Hard drive) |
| | ✗ 4. मॉनिटर (Monitor) |

| Q.71 | यदि $a + b = 70$ और $(a - b)^2 = 208$ है, तो a और b के गुणनफल का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 1223 |
| | ✗ 2. 1254 |
| | ✗ 3. 1240 |
| | ✓ 4. 1173 |

| Q.72 | कॉपी किए गए कंटेंट को पेस्ट करने के लिए निम्नलिखित में से किस कुंजी (key) संयोजन का उपयोग किया जाता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. Ctrl + P |
| | ✗ 2. Ctrl + K |
| | ✗ 3. Ctrl + B |
| | ✓ 4. Ctrl + V |

| Q.73 | रॉलेट एक्ट, जिसे ब्रिटिश सरकार ने भारत में राजनीतिक असंतोष को रोकने के लिए पेश किया था, में निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान शामिल नहीं था? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध |
| | ✗ 2. बिना मुकदमे के गिरफ्तारी |
| | ✗ 3. प्रेस की सेंसरशिप |
| | ✗ 4. बिना वारंट के राजनीतिक नेताओं की गिरफ्तारी |

| Q.74 | $\overline{0.583}$ को $\frac{p}{q}$ के रूप में व्यक्त करें, जहां $p$ और $q$ पूर्णांक हैं तथा $q \neq 0$ है। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. $\frac{141}{499}$ |
| | ✗ 2. $\frac{141}{256}$ |
| | ✗ 3. $\frac{277}{333}$ |
| | ✓ 4. $\frac{583}{999}$ |

| Q.75 | यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन अंकीय संख्याओं पर आधारित है।<br>(बाएं) 325 503 158 391 144 (दाएं)<br><br>(उदाहरण - 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)<br>(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)<br><br>सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक और सबसे छोटी संख्या के पहले अंक का योगफल ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 2 |
| | ✗ 2. 4 |
| | ✗ 3. 3 |
| | ✓ 4. 1 |

| Q.76 | 30 छात्रों की एक कक्षा ने एक परीक्षा दी। 12 छात्रों का औसत स्कोर 70 है, और बाकी का औसत स्कोर 64 है। कक्षा का औसत स्कोर कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 65.4 |
| | ✓ 2. 66.4 |
| | ✗ 3. 67.4 |
| | ✗ 4. 64.4 |

| Q.77 | विदर्भ द्वारा विजित 2025 टूर्नामेंट का नाम क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. इंडियन प्रीमियर लीग |
| | ✓ 2. रणजी ट्रॉफी |
| | ✗ 3. सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी |
| | ✗ 4. विजय हजारे ट्रॉफी |

| Q.78 | 'अश्विनी कुमार उपाध्याय बनाम भारत संघ (नवंबर 2024)' मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने किससे संबंधित याचिका खारिज कर दी? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द जोड़ने की संवैधानिक वैधता |
| | ✗ 2. सभी भारतीय नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता |
| | ✗ 3. अनुच्छेद 370 और विशेष संवैधानिक प्रावधानों की वैधता |
| | ✗ 4. नौकरियों और शिक्षा में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) के लिए आरक्षण |

| Q.79 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. YDGK |
| | ✗ 2. ZEHL |
| | ✓ 3. EJNQ |
| | ✗ 4. GLOS |

| Q.80 | नर्मदा सीमा (Narmada frontier) पर हर्षवर्द्धन को किसने पराजित किया था? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. नरसिंहवर्मन |
| | ✗ 2. राजराज चोल |
| | ✗ 3. महेंद्रवर्मन द्वितीय |
| | ✓ 4. पुलकेशिन द्वितीय |

| Q.81 | $\left[\frac{2\cos A}{(1-\sin A)} + \frac{2\cos A}{(1+\sin A)}\right] \times 3\sqrt{\sec^2 A - 1}$ का मान ज्ञात करें। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 12 tanA |
| | ✗ 2. 4 secA |
| | ✗ 3. 18 secAtanA |
| | ✓ 4. 12 secAtanA |

| Q.82 | F, G, H, J, K और L एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर के तल का क्रमांक 6 है। J, L के ठीक ऊपर रहता है। F और L के बीच केवल दो लोग रहते हैं। F विषम संख्या वाले तल पर रहता है। H, K के ठीक नीचे रहता है। G और K के बीच कितने लोग रहते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. तीन |
| | ✓ 2. दो |
| | ✗ 3. चार |
| | ✗ 4. एक |

| Q.83 | तीन संख्याओं का औसत 154 है। पहली संख्या, दूसरी संख्या की दो गुनी है और दूसरी संख्या, तीसरी की दो गुनी है। पहली संख्या ज्ञात करें। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 258 |
| | ✓ 2. 264 |
| | ✗ 3. 252 |
| | ✗ 4. 268 |

| Q.84 | यदि संख्या 2637458 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंकों का योग क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 9 |
| | ✗ 2. 10 |
| | ✗ 3. 11 |
| | ✗ 4. 8 |

| Q.85 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी पत्र, संदेश हैं।<br>कुछ संदेश, ईमेल हैं।<br>कोई भी ईमेल, पोस्ट नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कोई भी पत्र, पोस्ट नहीं है।<br>(II) कुछ ईमेल, पत्र हैं। |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |
| | ✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |
| | ✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |
| | ✗ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |

| | |
|---|---|
| Q.86 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br><br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A – B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',<br>A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और<br>A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'E ÷ F + G – H x K' है, तो E का K से क्या संबंध है? |
| Ans | ✗ 1. पत्नी के भाई का पुत्र |
| | ✗ 2. पत्नी की बहन का पुत्र |
| | ✓ 3. पत्नी की बहन का पति |
| | ✗ 4. पत्नी के भाई की पत्नी |

| | |
|---|---|
| Q.87 | राष्ट्रीय जलमार्ग अधिनियम, 2016 के तहत कितने राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास करने की घोषणा की गई है? |
| Ans | ✗ 1. 100 |
| | ✓ 2. 111 |
| | ✗ 3. 150 |
| | ✗ 4. 122 |

Q.88 नीचे दिए गए आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए। [दशमलव के 2 स्थानों तक उत्तर दीजिए।]

| वर्षों में आयु | 15-25 | 25-35 | 35-45 | 45-55 | 55-65 | 65-75 | 75-85 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मरीजों की संख्या | 31 | 34 | 13 | 19 | 30 | 28 | 29 |

| | |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 26.25 |
| | ✗ 2. 39.33 |
| | ✗ 3. 17.36 |
| | ✗ 4. 23.58 |

| | |
|---|---|
| Q.89 | जब किसी संख्या के एक-तिहाई में 10 की वृद्धि की जाती है, तो परिणाम 65 होता है। मूल संख्या के अंकों का योग ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ 1. 14 |
| | ✗ 2. 9 |
| | ✓ 3. 12 |
| | ✗ 4. 11 |

| | |
|---|---|
| Q.90 | सात बॉक्स, D, E, F, G, S, T और U, एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। U को T के ठीक ऊपर रखा गया है। S को D के ठीक ऊपर रखा गया है। केवल E को G के ऊपर रखा गया है। U के ऊपर केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। S को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है। F और E के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं? |
| Ans | ✗ 1. दो |
| | ✗ 2. चार |
| | ✓ 3. तीन |
| | ✗ 4. एक |

| | |
|---|---|
| Q.91 | यदि संख्या 6597423 में प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सभी सम अंकों का योगफल क्या होगा? |
| Ans | ✗ 1. 20 |
| | ✗ 2. 14 |
| | ✗ 3. 16 |
| | ✓ 4. 18 |

| Q.92 | निम्नलिखित में से कौन-सा विवाद सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार से बाहर रखा गया है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. गुजरात और एक निजी कंपनी के बीच वाणिज्यिक अनुबंध विवाद |
| | ✓ 2. कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच जल बंटवारे को लेकर विवाद |
| | ✗ 3. संवैधानिक कानून के मुद्दे पर महाराष्ट्र और केंद्र के बीच विवाद |
| | ✗ 4. पंजाब और हरियाणा के बीच क्षेत्रीय सीमाओं को लेकर मतभेद |

| Q.93 | 2025 में, IIT मद्रास द्वारा लॉन्च किए गए हाइपरलूप परीक्षण ट्रैक (hyperloop test track) की लंबाई कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. 422 m |
| | ✗ 2. 10 km |
| | ✗ 3. 1 km |
| | ✗ 4. 100 m |

| Q.94 | MS एक्सेल के नए संस्करणों (जैसे, एक्सेल 2019) में वर्कबुक को सेव करने के लिए डिफ़ॉल्ट फ़ाइल फॉर्मेट क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. .xlsx |
| | ✗ 2. .csv |
| | ✗ 3. .xls |
| | ✗ 4. .pdf |

| Q.95 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम तरीके से व्याख्या करता है कि सभी डेस्कटॉप आइकन हटाने से विंडोज ओएस में एप्लिकेशन की कार्यक्षमता (functionality) पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. डेस्कटॉप आइकन केवल विज़ुअल शॉर्टकट (visual shortcut) हैं, वास्तविक एप्लिकेशन फ़ाइलें नहीं हैं। |
| | ✗ 2. डेस्कटॉप आइकन सिस्टम की महत्वपूर्ण फ़ाइलें हैं जो एप्लिकेशन रन करने के लिए आवश्यक हैं। |
| | ✗ 3. डेस्कटॉप एक वर्चुअल मेमोरी (virtual memory) क्षेत्र है, जहां एप्लिकेशन बैकग्राउंड में रन होती हैं। |
| | ✗ 4. विंडोज़ ओएस डेस्कटॉप डायरेक्टरी (desktop directory) में सभी एप्लिकेशन फ़ाइलों को डुप्लिकेट करता है। |

| Q.96 | जागोई (Jagoi) और चोलोम (Cholom), निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य शैली के दो मुख्य विभाजन हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. मणिपुरी |
| | ✗ 2. कुचिपुड़ी |
| | ✗ 3. ओडिसी |
| | ✗ 4. कथक |

| Q.97 | 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 में शामिल गत चैंपियन कौन थे? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. हॉकी हरियाणा |
| | ✗ 2. हॉकी पंजाब |
| | ✗ 3. हॉकी महाराष्ट्र |
| | ✓ 4. हॉकी झारखंड |

| Q.98 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, निरपेक्ष निर्धनता और सापेक्ष निर्धनता के बीच सही अंतर स्पष्ट करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. निरपेक्ष निर्धनता आय असमानता पर आधारित है; सापेक्ष निर्धनता आय असमानता पर आधारित नहीं है। |
| | ✗ 2. दोनों के बीच कोई अंतर नहीं है। |
| | ✗ 3. निरपेक्ष निर्धनता व्यक्तिपरक है; सापेक्ष निर्धनता वस्तुनिष्ठ है। |
| | ✓ 4. निरपेक्ष निर्धनता में एक निश्चित प्रभावसीमा का उपयोग किया जाता है; सापेक्ष निर्धनता में समाज के भीतर व्यक्तियों की तुलना की जाती है। |

| Q.99 | ₹12,200 के कुल लाभ को P, Q और R के बीच इस प्रकार वितरित किया जाना है कि P : Q = 15 : 4 और Q : R = 3 : 1 हो। लाभ में R का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 750 |
| | ✓ 2. 800 |
| | ✗ 3. 650 |
| | ✗ 4. 700 |

| Q.100 | निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के समान हो?<br>**# : ZTW :: NHK : %** |
|---|---|
| Ans | ✓ 1. # = UOR, % = SMP |
| | ✗ 2. # = UPL, % = TYF |
| | ✗ 3. # = UKH, % = OHY |
| | ✗ 4. # = UGF, % = SPR |